## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

## प्रेस नोट

**दिनांक 30.06.2025**

**विषयः- थाना लंका पुलिस द्वारा 58 राशि गोवंश बरामद व 04 नफर अभियुक्तगण गिरफ्तार, तस्करी में प्रयुक्त वाहन टाटा ACE GOLD सीज।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा गोतस्करी की रोकथाम व गोवंशों के साथ किये जा रहे क्रूरतापूर्ण कृत्यों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने हेतु दिए गए निर्देशों के अनुपालन में श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर व प्रभारी निरीक्षक लंका के नेतृत्व में थाना लंका पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर में दिनांक 29.06.2025 को लंका पुलिस द्वारा न्यू कालोनी भेलूपुर से कुल 04 नफर अभियुक्तगण को हिरासत मे लिया गया। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना विवरणः-** दिनांक 29.06.2025 को उच्चाधिकारीगण के आदेश के क्रम में गोवंशों की तस्करी की रोकथाम व गोकशी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी व कठोर दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से थाना लंका पुलिस द्वारा प्रभावी चेकिंग के क्रम में बजबजा प्लाण्ट से रमना गांव की तरफ सड़क से एक अदद टाटा एस वाहन में क्रूरता पूर्वक लदे गोवंश बरामद हुए। मौके पर पकड़े गए वाहन चालक से पूछताछ के क्रम में कुल 58 राशि गोवंश 38 अदद गाय, 17 बछिया एवं 03 अदद सांड बरामद हुए एवं गोतस्करी में लिप्त कुल 04 नफर गोतस्करों को गिरफ्तार करते हुए मौके से बरामद वाहन टाटा एस गोल्ड वाहन संख्या UP 65 PT 5099 को सीज किया गया।

**पंजीकृत अभियोग विवरण -**

1. मु0अ0सं0- 0234/2025 धारा 325/61(2) बी0एन0एस0 तथा 3/5ए/5बी/8 गौवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

**नाम पता अभियुक्तगण**

1. शुभम भारती(ड्राइवर) पुत्र अशोक भारती निवासी टिकरी थाना चितईपुर वाराणसी उम्र 19 वर्ष।
2. रतन लाल राजभर पुत्र श्री राजेन्द्र राजभर निवासी ग्राम खनाव पोस्ट बछाव थाना रोहनियाँ कमि0 वाराणसी उम्र 20 वर्ष।
3. विजयशंकर यादव उर्फ भोला यादव पुत्र रमेश यादव निवासी नेवादा सुन्दरपुर थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी उम्र 50 वर्ष।
4. सत्पाल सिंह पुत्र विजय वहादुर सिंह निवासी ग्राम बैरमपुर थाना अहरौरा जनपद मिर्जापुर उम्र 35 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण**

1. कुल 58 राशि गोवंश (38 अदद गाय, 17 बछिया एवं 03 अदद सांड) बरामद।

2. गोतस्करी में प्रयुक्त एक अदद वाहन टाटा एस गोल्ड संख्या UP 65 PT 5099 सीज।
3. एक अदद मोटरसाइकिल हीरो स्पलेण्डर संख्या UP65FE2891 सीज।

**<u>गिरफ्तारी का दिनांक व घटना</u>-** दिनांक- 29.06.2025 स्थान- न्यू कालोनी, थाना भेलूपुर, कमि0 वाराणसी।

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक राज कुमार, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 नवीन चतुर्वेदी, चौकी प्रभारी रमना, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 शिवाकर मिश्रा, चौकी प्रभारी नगवा, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 राहुल जायसवाल, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 आशीष चौबे, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 रोशन कुमार, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**